FAX

पत्र संख्याः—पी0—04 / 43—38—34—2021 / 07 II

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

पटना, दिनांक :— 04.01.2024

सेवा में,

वरीय पुलिस अधीक्षक,
मुजफ्फरपुर।

विषयः— **केन्द्रीय अनुकंपा समिति की अनुशंसा के उपरान्त आवेदक को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पुलिस मुख्यालय एवं संलग्न कार्यालयों के मृत पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या—4229, दिनांक—23.05.2017, तदनुसार पुलिस मुख्यालय के ज्ञापांक—6860 / पी०—03, दिनांक—13.08.2017 के आलोक में केन्द्रीय अनुकंपा समिति की बैठक दिनांक—20.12.2023 को आयोजित की गयी। उक्त बैठक में समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में क्रमांक—1 के आवेदक रमेश कुमार को उनके नाम के सामने कॉलम—06 में आवंटित कार्यालय में अनुकंपा के आधार पर सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया जाता हैः—

क्र० सं०	आश्रित / मृतक का नाम / पदनाम / अंतिम पदस्थापन / मृत्यु की तिथि / मृतक से संबंध / कोटि	अनुशंसित पद का नाम	शारीरिक माप / आवेदक का पिता / पति की मृत्यु की तिथि को उम्र	गृह जिला	आवंटित कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6
1.	रमेश कुमार / स्व0 राजकुमार रविदास / चालक सिपाही / आर्थिक अपराध इकाई, पटना / 23.06.2018 / पुत्र / अनु0 जाति	समूह—घ	उम्र—24 वर्ष 04 माह 13 दिन	गया	**मुजफ्फरपुर**

1. संबंधित पदाधिकारी से अनुरोध है कि आवेदक की नियुक्ति से पूर्व उनकी जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण—पत्र, अनियोजन प्रमाण—पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण—पत्रों का सत्यापन करा लेने के पश्चात् भली भाँतिपूर्वक संतुष्ट होने के उपरान्त उनकी नियुक्ति हेतु नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई की जाय।

2. उपर्युक्त क्रमांक—1 के आवेदक का पुलिस मुख्यालय में रक्षित सभी कागजात मूल में आपके कार्यालय को भेजी जा रही है।

प्रस्ताव में पुलिस महानिदेशक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :—

1. **पुलिस उप—महानिरीक्षक,** आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
   — अनुरोध है कि उपर्युक्त संबंधित आवेदक का अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति संबंधी आपके कार्यालय में रक्षित अन्य कागजात / अभिलेख (पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराये गये कागजात / प्रमाण—पत्र के अतिरिक्त) उनके नये आवंटित कार्यालय को अविलम्ब भेज दिया जाय।
2. आई0टी0मैनेजर, पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

04/01

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

MKV

VED/LETTER/ANUKAMPA/2023